# ललितपुर ड्रग फार्मा पार्क में होगा 435 करोड़ का निवेश

## यूपीसीडा के अहमदाबाद में हुए रोड शो में तीन कंपनियों ने जताई सहमति

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने अहमदाबाद में फार्मास्यूटिकल्स सेक्टर में निवेश को लेकर शुक्रवार को रोड शो किया। इस दौरान गुजरात की तीन कंपनियों ने 435 करोड़ रुपये के निवेश पर सहमति जताई। कई अन्य कंपनियों ने भी रूचि दिखाई है।

यूपीसीडा के सीईओ मयूर महेश्वरी ने रोड शो के दौरान कई प्रमुख फार्मा कंपनियों के साथ उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए समझौते किए। सीएसएल लाइफ साइंसेज ने 200 करोड़ के निवेश से बोतल और ओएसडी प्लांट स्थापित करने का प्रस्ताव दिया, जिससे 250 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेंगे।

मेडी हेल्थ डायग्नोस्टिक ने ललितपुर में 4200 वर्गमीटर क्षेत्र में हेल्थकेयर यूनिट स्थापित करने की घोषणा की। गैमन इराडिएशन ने 35 करोड़ के निवेश से स्किन ट्रीटमेंट यूनिट की स्थापना का निर्णय लिया, जिससे 150 लोगों को रोजगार मिलेगा। ओबमेड फार्मा ने भी 200 करोड़ के निवेश से फार्मुलेशन यूनिट स्थापित करने का समझौता किया, जिसमें 100 लोगों को रोजगार मिलेगा।




उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण की ओर से अहमदाबाद में निवेश को लेकर हुए रोड शो को संबोधित करते सीईओ मयूर माहेश्वरी। -विभाग

### 12000 करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य

यूपीसीडा द्वारा ललितपुर में 1472 एकड़ क्षेत्र में बल्क ड्रग फार्मा पार्क बनाया जा रहा है। इस परियोजना से लगभग 12000 करोड़ रुपये का कुल निवेश आने व 14000 प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन की संभावना है। मयूर माहेश्वरी ने कहा कि सरकार की निवेशक-अनुकूल नीतियों और उन्नत बुनियादी विकास के साथ उत्तर प्रदेश फार्मा उद्योग के लिए एक आदर्श केंद्र बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. जीएन सिंह ने कहा राज्य सरकार ने फार्मा सेक्टर मजबूत करने के लिए कई नीतिगत सुधार किए हैं। रोड शो में आयोजित बी2जी (बिजनेस टू गवर्नमेंट) बैठकों में उद्योग प्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों के बीच निवेश से संबंधित बातचीत हुई। इस दौरान सीआईआई गुजरात फार्मा एवं हेल्थकेयर पैनल के संयोजक और सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के सीईओ स्वप्निल शाह ने राज्य में निवेश को लेकर प्रतिबद्धता जताई।